Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

## ब्रैम्पटन में समर फन!

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (23 जून, 2022) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कम्युनिटी में गर्मी के मजेदार रेक्रिएशनल अवसरों की पेशकश करने के लिए उत्साहित है।

सिटी की कई रेक्रिएशन सुविधाओं में जाकर, परिवार और दोस्तों के साथ पूरी गर्मी घूमे-फिरें, खेलें और छपछपाते हुए चलें। मौसम के कारण बंद होने संबंधी संचालन स्थिति के अपडेट्स, शेड्यूल्स और रजिस्ट्रेशन विवरणों सहित, पूरी जानकारी के लिए, www.brampton.ca/summerfun पर जाएं।

**प्रोफेसर्स लेक और एल्डोराडो पार्क आउटडोर पूल**

यदि मौसम ठीक रहा, तो प्रोफेसर्स लेक (Professor's Lake) 28 जून को खुल रही है। आउटडोर सुविधाओं तक पहुंचें, जैसे लेक, बीच और बीच वालीबॉल।

यदि मौसम ठीक रहा, तो एल्डोराडो पार्क आउटडोर पूल (Eldorado Park Outdoor Pool), 30 जून को खुल रहा है। पार्क में, दो प्लेग्राउंड्स, पांच पिकनिक क्षेत्रों और खेलने के लिए बड़ी जगह तक पहुंचें।

रजिस्ट्रेशन जानकारी और सिटी के आउटडोर पूल तथा बीच सुविधाओं संबंधी अतिरिक्त विवरणों के लिए, www.brampton.ca/summerfun पर जाएं।

**स्पलैश पैड्स और वेडिंग पूल्स**

सिटी के स्पलैश पैड्स और वेडिंग पूल, अब रोजाना खुल रहे हैं। मौसम खराब होने के कारण ये बंद हो सकते हैं। कृपया, संचालन स्थिति के अपडेटस के लिए, www.brampton.ca/summerfun पर जाएं।

**समर कैंपस**

साप्ताहिक समर कैंप, 6 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के लिए, 4 जुलाई से 26 अगस्त तक उपलब्ध हैं। इनक्लूजन कैंप भी उपलब्ध हैं। कई प्रकार की इनडोर और आउटोडर मजेदार गेम्स और गतिविधियों का आनंद लें। अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/registerforprograms पर जाएं।

**मूवीज अंडर द स्टार्स**

1 सितम्बर तक चिंग्कूज़ी पार्क (Chinguacousy Park), माउंट प्लैजैंट सक्वेयर (Mount Pleasant Square) और गार्डन सक्वेयर (Garden Square) में, प्रत्येक वीरवार, शुक्रवार और शनिवार को, मुफ्त, परिवार-अनुकूलित आउटडोर मूवी स्क्रीनिंग में शामिल हों। अपने खुद के स्नैक्स, कंबल और लॉन कुर्सियां साथ लेकर आएं। इस वर्ष, मूवीज अंडर द स्टार्स (Movies Under the Stars) को उदारतापूर्वक, मैपल लॉज फार्म्स (Maple Lodge Farms), नो फ्रिल्स ब्रैम्पटन (No Frills Brampton) और टेलुस (Telus) के द्वारा प्रायोजित (स्पांसर) किया जा रहा है। पूरा शेड्यूल, www.brampton.ca/summerfun पर देखें।

**पील विलेज गोल्फ कोर्स**

पील विलेज गोल्फ कोर्स (Peel Village Golf Course) में टी टाइम बुक करें, जो गोल्फ के लिए सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का प्रीमियर ठिकाना है। हर लेवल के खिलाड़ियों के लिए मौजूद, नौ होल्स का अनुभव लें और कोर्स की खूबसूरती का मजा लें। अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/peelvillagegolfcourse पर जाएं।

**पार्क्स और रेक्रिएशन ट्रेल्स**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कई पार्कों और प्राकृतिक विरासत वाली जमीनों के लिए घर है, जैसे वैलीज और वुडलैंड्स, जो रेक्रिएशन ट्रेल्स को सम्मिलित करते हैं। ब्रैम्पटन की खूबसूरत आउटडोर जगहों पर सैर करें, दौड़ लगाएं, बाइक चलाएं और खेलें। ब्रैम्पटन के पार्कों में, आउटडोर टेनिस और पिकलबॉल कोर्ट्स और आउटडोर स्पोर्ट्स फील्ड्स के साथ, स्वस्थ और सक्रिय रहें। अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/summerfun पर जाएं।

**फिटनेस इन द पार्क**

इस गर्मी, ब्रैम्पटन के पार्कों में सिटी के मुफ्त आउटडोर वर्कआउट में शामिल हों। कार्डियो (Cardio) और जुम्बा (Zumba), लो इम्पैक्ट एक्सरसाइज (Low Impact Exercise) और योग, बैलेंस तथा वेलनेस (Yoga, Balance and Wellness) आदि के लिए रजिस्टर करें। हिस्सा लेने वालों को सलाह दी जाती है कि एक तौलिया, चटाई और पानी साथ लेकर आएं, वर्कआउट के आरामदायक और मौसम के मुताबिक कपड़े पहनें। अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/summerfun पर जाएं।

**मुफ्त समर स्विम्स**

4 जुलाई से 1 सितम्बर तक पूरी सिटी के रेक्रिएशन सेंटर्स में, मुफ्त इनडोर पब्लिक तैराकी का मजा लें। मुफ्त समर तैराकी को उदारतापूर्वक, टिम होर्टन्स (Tim Hortons) के द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी है। अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/summerfun पर जाएं।

**हवाले**

“गर्मी आ चुकी है और ब्रैम्पटन में समर फन भी! स्वस्थ और सक्रिय रहें, जब आप पूरे परिवार के आनंद लेने के लिए, सिटी की कई तरह की गर्मी की सुविधाओं और प्रोग्रामों के साथ, समर 2022 के द्वारा, अपने ढंग से सैर, तैराकी, स्पलैश करते और खेलते हैं।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ब्रैम्पटन, खूबसूरत पार्कों और रेक्रिएशनल ट्रेल्स, मजेदार गतिविधियों और हर किसी के लिए सम्पन्न समर प्रोग्रामिंग से भरपूर है। सिटी की गर्मी की पेशकशें, www.brampton.ca/summerfun पर देखें और हमारी शानदार सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में अपनी गर्मी की योजना बनाएं।"

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी का स्टाफ, ब्रैम्पटन में समर फन के लिए शानदार अवसर तैयार करने और उन्हें कायम रखने के लिए समर्पित है। इस गर्मी, हर उम्र और योग्यताओं वाले लोगों के लिए कई गतिविधियों और सुविधाओं का आनंद लें।"

- *पॉल मोरिसन (Paul Morrison), इंटरिम चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca